**T1 अज्ञात बीमारियाँ**

1. **साइबेरिया के बाघों की बीमारी**

**जैपुर.** पूर्वी रूस में अज्ञात बीमारी से लगातार हो रही साइबेरियन बाघों की मौतों ने भारत सरकार की नींद उड़ा दी है। रूस में अब तक 40 बाघों की मौत हो चुकी है। इस अज्ञात बीमारी की चपेट में कहीं भारतीय बाघ भी न आ जाएं, इसलिए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने राज्यों को अलर्ट जारी किया है। इसमें कहा गया है कि किसी भी बाघ में कोई असामान्य लक्षण दिखे तो तुरंत सूचित करें। चिंताएं इसलिए ज्यादा हैं, क्योंकि दुनिया भर के बाघों की संख्या के 40 प्रतिशत भारत में हैं। केंद्र की ओर से जारी अलर्ट के बाद राज्य के वन्य जीव विभाग ने भी सभी अभयारण्यों को निगरानी के निर्देश दिए हैं। रूस में यह अज्ञात बीमारी एक माह पहले उस समय सामने आई जब रेडियोकॉलर लगे 'गल्या' नाम की एक दस वर्षीय बाघिन की मौत हो गई। इस बाघिन के बच्चे भी मांद में मृत पाए गए।
इनके भी जन्म से संक्रमित होने की आशंका जताई गई है। इनकी मौत की जांच में सामने आया कि बाघिन और उसके बच्चे शिकार करने की प्राकृतिक शक्ति खो चुके थे। फिलहाल वैज्ञानिक इस बीमारी के कारण और स्त्रोत खोज रहे हैं। रूसी सरकार इसलिए भी चिंतित है कि पिछले पांच सालों में साइबेरियन बाघों की तादाद में 40 फीसदी की कमी आई है।
रूस की वाइल्ड लाइफ कंजर्वेटिव सोसायटी के डायरेक्टर डॉ. डेले मिकेले के मुताबिक मृत बाघिन और उसके शावकों की नेक्रोसकोपी जांच में यह निकला कि इनका पाचन तंत्र बिल्कुल खाली पाया गया, जो आश्चर्यजनक है। यह किसी न्यूरोलॉजिकल बीमारी का संकेत है। डॉ मिकेले ने आशंका जताई है कि बाघों को बीमारी से नहीं बचाया गया तो इनके लुप्त होने का खतरा है। आशंका है कि यह बीमारी भारत सहित एशिया के अन्य देशों के बाघों में भी पहुंच सकती है।
रूस के बाघों में अज्ञात बीमारी की जानकारी हमें मिली है। सभी अभयारण्यों को अलर्ट जारी कर दिया गया है। बाघों के व्यवहार पर नजर रखी जा रही है। (*आरएन मेहरोत्रा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान*)
**क्या होता बीमारी में?** साइबेरियन बाघों की अज्ञात बीमारी को फिलहाल न्यूरोलॉजिकल बीमारी माना जा रहा है। इसकी चपेट में आने वाले बाघ-बाघिन शिकार करने की क्षमता खत्म हो जाती है। उनका वजन सामान्य से बहुत कम हो जाता है। 'गल्या' का वजन 140 किलोग्राम था, जो मौत के वक्त महज 51 किलो रह गया था ।

**२. पेरिस.** भारत में प्लास्टिक सर्जरी कराने वाले मरीज एक नई बीमारी पूरी दुनिया में फैला रहे हैं । इस बीमारी के वायरस पर किसी भी दवा का कोई असर नहीं होता । यहां एक मरीज की जांच में यह बात सामने आई है। विशेषज्ञों ने इस वायरस के जीन की पहचान एनडीएम-1 नाम से की है। उनका कहना है कि यह जीन एक से दूसरी प्रजाति के वायरस में जा सकता है।
सबसे खतरनाक बात यह है कि एनडीएम-1 पर दवाओं के एक खास कॉम्बीनेशन कार्बापेनेम्स का भी कोई असर नहीं पड़ता । इससे उल्टी-दस्त, मूत्र नली में संक्रमण, न्यूमोनिया जैसी बीमारियां हो सकती हैं । विशेषज्ञों ने भारत में प्लास्टिक सर्जरी कराने वाले मरीजों की जांच करने की सलाह दी है।

चपेत coup, attaque,
की चपेत में आना tomber sous l'attaque de ( être victime de) ;
जारी क. Mettre en œuvre, maintenir ;
नेक्रोकोप्सी Necrocopsy : autopsie ;
रेडियोकालर *radio collar* : collier équipé d'une petite radio (- électronique) ;
सामान्य ordinaire, banal, général (ant. असामान्य, nom f. सामान्यता) ;
लक्षण (m) signe ;
सूचना (f) information (सूची (f. liste) सूचित करना informer ;
*अभयारण्य* का अर्थ है अभय + अरण्य । अर्थात अभय घूम सकें जानवर, ऐसा अरण्य या वन। सरकार अथवा किसी अन्य संस्था द्वारा संरक्षित वन, पशु-विहार या पक्षी विहार को *अभयारण्य* कहते हैं ;
वन (m) = जंगल bois/forêt ;
पर्यावरण (m) environnement ;

निगरानी (f) surveillance ;
निर्देश (m) directive, आदेश (m) ordre (निर्देशक directeur) ;
जांच (f) examen/enquête ;
मांद tanière ;
मृत mort (adj et nom 'un mort') ; मृत्यु, मौत (f) la mort
जताना = व्यक्त करना exprimer ;
स्रोत (m) source ; तदाद (f) = संख्या nombre ;
शावक (m) petit d'animal (शव (m) = लाश (f) cadavre ;
पाचन तंत्र système digestif (पचना digérer) ;
लुप्त होना, विलिन्न होना, औझल होना disparaître ;
खतरा (m) risque, danger (खतरनाक dangereux ) = जोखिम (m);
आशंका (f) crainte, risque ;
सहितः के साथ ; क्षमता (f) capacité ;
महज़= केवल, सिर्फ़ ;
उल्टी (f) vomissement/nausée
दस्त diarrhée ; मूत्र (m) urine (मल-मुत्र excréments);
ग्राम = गाँव (ग्रामीण = गाँववाला, गाँव का);
सलाह =राय (f) avis

Questions (texte 1) : Combien de tigres sont morts récemment en Russie ? Combien vivent en Inde ? Depuis 20 ans, combien de tigres ont disparu ? Quand a-t-on découvert la maladie en Sibérie et comment ? Quels sont les symptômes ? Qu'est-ce qui cause la mort ?

Le passif : mettre à l'actif les phrases au passif
L'objet peut rester marquer (sabhî ko… alart jarî kiyâ gayâ)

Les corrélatives : islie – kyonki , islie ki ; yadi/agar (se) to ; kahîn – islie, us samay-jab. Modes employés

Retrouvez dans le texte les expressions correspondant à

- a été mis en état d'alerte
- on a trouvé les petits morts
- signaler immédiatement

Texte 2 : NGM1 complexe antibiotique peu efficace mais le meilleur est encore le carbapenems (portugais) (fr. colistine)

Questions : de quelle maladie s'agit-il ? D'où est-elle originaire ? Qui affecte-t-elle ? quels sont les symptômes ? Comment s'est-elle introduite en Europe ? Par quel nom le gène du virus a-t-il été identifié ? Quels sont les traitements efficaces ou les précautions à prendre ?